दिल्ली में फेक करेंसी छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 24.40 लाख रुपये के नकली भारतीय नोट बरामद; दो विदेशी तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 24.40 लाख रुपये के नकली नोट के साथ दो विदेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली के एक कारोबारी को बक्से में नकली नोट देकर असली भारतीय मुद्रा लेना चाहते थे। पुलिस ने शातिरों से नकली नोट बनाने वाली एक मशीन भी बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपितों की पहचान अफ्रीका कैमरून निवासी कामदज्यू कोलबर्ट उर्फ लाजारे फोत्सो और कमलेउ नीला एलेन के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में मुनीरका किशनगढ़ में किराए पर रह रहे थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 19 अप्रैल को अखिल नाम के कारोबारी ने पुलिस को सूचना दी थी कि दो विदेशी नागरिक उन्हें नकली भारतीय नोट देकर धोखाधड़ी करना चाहते हैं।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-delhi-police-bust-fake-currency-printing-gang-lakhs-of-rupees-fake-notes-recovered-two-foreign-smugglers-arrested-23704209.html